Title: Need to open a Navodaya Vidyalaya in Mandsaur district, Madhya Pradesh- Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्ड्ेय (मंद्सौर) : देश के विभिन्न राज्यों के साथ मध्य प्रदेश में भी ग्रामीण क्षेत्रों में बालक-बालिकाओं के लिए शिक्षा सुविधा की दृटि से व ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के प्रति जागरूकता से श्रेठ व संस्कार सम्पन्न विद्यालयों की आव्श्यकता व मांग बढ़ती जा रही है।

केन्द्र सरकार की शिक्षा नीति के अनुसरण में देश में समस्त राज्यों में प्रायः प्रत्येक जिले में ऐसे विद्यालय हो चुके हैं तथा स्थापित होते जा रहे हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में विगत र्वाे से "नवोदय" विद्यालय खोले जाने की मांग बलवती हो गई है। विशोकर ऐसी स्थिति में जब उन विद्यालयों के मंदसौर जिले में खोले जाने के बारे में अध्ययन हेतु एक केन्द्रीय नवोदय विद्यालय संगठन की उच्च स्तरीय समिति ने भ्रमण कर स्थान आदि के चयन व अन्य सुविधाओं के बारे में राज्य प्रशासन से पूर्ण जानकारी व सम्पर्क किया, किन्तु कार्यवाही में विलम्ब के कारण लोगों में असंतोा स्वाभाविक है।

अतः मेरी मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय से मांग है कि जनहित व ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा प्रसार की दृटि से उक्त विद्यालय खोले जाने हेतु आव्श्यक निर्देश प्रदान करें।

* Treated as laid on the Table of the House